वार्ड 1 जुनवानी क्षेत्र में फाईट द बाइट के तहत मौसमी बीमारी की रोकथाम हेतु अभियान चलाया गया

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 1 क्षेत्र में फाइट द बाईट अभियान चलाया गया। वार्ड क्रमांक 1 जुनवानी क्षेत्र शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज एवं नर्सिंग भिलाई में फाइट द बाईट अभियान के तहत कॉलेज के क्लासरूम, टॉयलेट, बाथरूम एवं नालियों में डेंगू मलेरिया बचाव एवं मच्छर उन्मूलन टीम द्वारा जांच कर दवाई छिड़काव किया गया। कॉलेज के बच्चों को भी प्रेरित किया गया कि वह भी साफ–सफाई रखें अपने क्लास रूम, हॉस्टल एवं कैंपस की बच्चों को भी बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साथ में समझाइश दी गई कि बाहर का खाना बंद करें, फास्ट फूड, दुकानों का जंक फूड शरीर के नुकसानदाई होता है। ताजा खाने ही शरीर के लिए फायदेमंद है। हम सब मिलकर स्वच्छता बनाए रखेंगे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किए हैं कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु लगातार अभियान चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार निगम के अलग–अलग वार्डों में जाकर बीमारियों की रोकथाम हेतु जांच कर रही हैद्य जहां पर भी गंदगी पाई जा रही है उसकी जांच कर मैलाथियांन, टेमीफस, जला आइल का छिड़काव कर रही है ओर नालियों मे भी स्प्रे के माध्यम से दवाई डाल रही है। अभियान के दौरान वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के के सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, वीरेंद्र बंजारे, हेमंत मांझी, सुदामा परगनिया, गोपी साहू, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, संतोष हरमुख आदि उपस्थित रहे।